
लापरवाही | लापरवाही बरतने पर वनरक्षक निलंबित, बिना जांच के जंगल में जाने की दी थी इजाजत

# टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में घुसी इनोवा कार




**चिल्हारी नवभारत 28 अप्रैल।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, कोर एरिया जैसे अति संवेदनशील क्षेत्र में एक निजी इनोवा कार के प्रवेश का मामला सामने आया है, जिसने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 27 अप्रैल को हुई। सागर से आए कुछ पर्यटक जीपीएस के सहारे किले का रास्ता खोजते हुए ताला मुख्य गेट तक पहुंच गए। गेट पर तैनात वनरक्षक संतोष बैगा ने जांच-पड़ताल नहीं की, जिससे इनोवा कार को जंगल के अंदर प्रवेश कर गई।

### घने जंगल में नेटवर्क नहीं मिलने से घबरा गए थे कार सवार

हालांकि कुछ दूरी तय करने के बाद नेटवर्क नहीं मिलने और घने जंगल के कारण इनोवा सवारों में डर का माहौल बन गया। वे रास्ता भटक गए और स्थिति को लेकर घबराहट मे आ गए। इसी बीच बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन को जंगल में संदिग्ध वाहन के प्रवेश की सूचना मिली। अधिकारियों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए इनोवा सवारों को ट्रेस किया और उनसे पूछताछ की साथ ही उनके दस्तावेज जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### वन विभाग मामले की कर रहा जांच

इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए, वन विभाग ने लापरवाही बरतने वाले वनरक्षक संतोष बैगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। बता दें कि यह घटना न केवल सुरक्षा में बड़ी चूक को उजागर करती है, बल्कि वन विभाग की सतर्कता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। फिलहाल, वन विभाग मामले की गहराई से जांच कर रहा है।



# पिकअप चालक को देर रात मारपीट कर लूटा

▸ मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, अमरपुर पुलिस की कार्रवाई

**चिल्हारी नवभारत 28 अप्रैल।** जिले के पुलिस चौंकी अमरपुर थाना इंदवार पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के साथ देर रात मारपीट कर रुपये छुड़ाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया वहीं मामले से जुड़ा एक आरोपी फरार है।

एसडीओपी पीएस परस्ते के बताया कि पुलिस चौंकी अमरपुर थाना इन्दवार अंतर्गत बीते दिनों मे दिनांक 26 अप्रैल की रात फरियादी सुखनंदन कुमार तोमर, पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडसी 1630 से ग्राम असोढ में बारात का सामान उतारकर रात्रि में बरा टोला, स्कूल के पास वाहन में विश्राम कर रहा था।

**जान से मारने की दी थी धमकी**-रात्रि करीब 2:30 बजे तीन अज्ञात युवक वाहन के पास पहुंचे और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ मारपीट करते हुए उसका गला पकड़ लिया तथा जान से मारने की धमकी देकर जेब में रखा पर्स, जिसमें 2000 रुपये नगद थे, छीनकर फरार हो गए।

**पूछताछ में अपराध स्वीकार किया**-थाना इंदवार पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर विवेचना के दौरान आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर जानकारी एकत्रित कर आरोपियों की पहचान की गई। उसके पश्चात घटना में संलिप्त आरोपी बृजेश लोनी एवं राजीव उर्फ मुंडा लोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी रोहित उर्फ गुंडा लोनी फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

# नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया दस्तयाब

▸ ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली सफलता

**चिल्हारी नवभारत।** जिले की थाना इंदवार पुलिस टीम ने थाना इंदवार अंतर्गत समीपी गांव की गुमशुदा नाबालिग लड़की को पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे शहर के श्रीराम हिल्स क्रिस्टल टावर थाना बानेर पाषाण क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब किया है।

एसडीओपी पीएस परस्ते ने बताया कि थाना इंदवार में दर्ज गुमशुदा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए बालिका का पता लगाया।

इसके उपरांत टीम ने बिना समय गंवाए लंबी दूरी तय कर समन्वय स्थापित करते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बालक। बालिकाओ की निरंतर दस्तयाबी की जा रही है।



# स्थाई वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश

**डिंडोरी/शहपुरा, नवभारत 28 अप्रैल।** पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आरोपी मोहम्मद रईस खान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को भी दे दी गई है। आरोपी को न्यायालय शहपुरा में प्रस्तुत किया गया, जहां अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# चोरों के हौसले बुलंद, सूने घरों को बना रहे निशाना



▸ दो चोरी की घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर खड़े कर दिए सवाल

**नवभारत उमरिया 28 अप्रैल।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दो चोरी की घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने बड़ी ही चालाकी से ऐसे घरों को निशाना बनाया, जहां परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। दोनों ही मामलों में अज्ञात आरोपी मौके का फायदा उठाकर लाखों का सामान पार कर गए।

पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवताल कॉलोनी विकटगंज का है। यहां निवासी धनेन्द्र प्रताप सिंह अपने पूरे परिवार के साथ एक शादी समारोह में बुढार गए हुए थे। घर पूरी तरह से सूना था, और इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।

### सोने-चांदी के जेवरात के साथ नकदी भी गायब

जब परिवार वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा हुआ था और सोने-चांदी के जेवरात के साथ नकदी भी गायब थी। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। संदिग्धों की तलाश जारी है।

### घर का ताला टूटा मिला

दूसरी घटना चंदिया थाना क्षेत्र के ददरी मोहल्ले में सामने आई है। यहां रहने वाली शिवलता तोमर, जो कि मनिहारी दुकान चलाती हैं, सामान खरीदने के लिए कटनी गई हुई थीं। जब वह वापस लौटीं तो उनके घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर घुसने पर देखा कि चोरों ने अलमारी और अन्य सामान खंगाल डाले थे। इस चोरी में सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन और करीब 50 हजार रुपये नकद चोरी हुए हैं।

### दोनों घटनाओं में समानता नजर आ रही

दोनों घटनाओं में एक समानता साफ नजर आती है। चोरों ने ऐसे घरों को चुना, जहां लोग मौजूद नहीं थे। इससे यह भी संकेत मिलता है कि आरोपी पहले से रेकी कर रहे थे। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है और उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है, लेकिन चोरों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी हैं






# 200 वर-वधु परिणय सूत्र से बंधे, उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में समारोह आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 28 अप्रैल।** उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान डिंडौरी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग के तत्वाधान में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योतिप्रकाश धुर्वे, पार्षद भागीरथ उरेती, ज्योतिरादित्य भलावी, महेश धूमकेती, अशोक अवधिया, सुधीर दत्त तिवारी, जिला पंचायत सदस्य हीरा रुद्रेश परस्ते, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नरबदिया मरकाम, स्नेहलता ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### हिन्दू रीति रिवाज से हुए विवाह

कार्यक्रम में जनपद पंचायत डिंडौरी के कुल 200 वर-वधु परिणय सूत्र से बंधे। प्रशासन ने सभी युगलों को टोकन प्रदान करने की व्यवस्था की। कार्यक्रम में नृत्य, गुदुम बाजा की रोचक प्रस्तुति दी गयी, विवाह पूरी हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हुए। धर्मगुरू दान सिंह मरावी, मनोहर सिंह परस्ते, सुशील द्विवेदी ने मंत्र उच्चारण कर 200 वर-वधु को शादी के बंधन में बांधा।

### कमजोर परिवारों के लिए लाभकारी योजना : परस्ते

जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से विवाह प्रक्रिया सरल, सम्मानजनक एवं सुगम हुई है। उन्होंने कहा कि शासन की यह पहल समाज के हर वर्ग को सहयोग प्रदान कर रही है।

### बहुओं को बेटी के समान समझें : कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि मैं वधु पक्ष से इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई हूं। उन्होंने वर-वधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम एक जिम्मेदारी के साथ एक दूसरे का हाथ पकड़कर एक समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी माता-पिता बहुओं को बेटी के समान समझें- उनके दुख और सुख में बराबर के हिस्सेदार बनें।

# नगर पालिका इंजीनियर पर लापरवाही के आरोप

▸ पार्षद ने अनुविभागीय अधिकारी से की शिकायत

**शहपुरा नवभारत 28 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद शहपुरा में विकास कार्यों को लेकर एक बार फिर लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद देवेन्द्र बनवासी ने नगर पालिका के इंजीनियर पर गंभीर आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से लिखित शिकायत की है।



पार्षद का आरोप है कि नगर पालिका के अधीन कार्यरत इंजीनियर द्वारा अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण वार्ड में आवश्यक विकास कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हैं। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन और विद्युत पोल व्यवस्था जैसे मूलभूत कार्यों के लिए कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**समस्याओं के समाधान में बरती जा रही उदासीनता**-शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित इंजीनियर द्वारा कार्यों का समय पर निरीक्षण नहीं किया जा रहा है और आम जनता की समस्याओं के समाधान में उदासीनता बरती जा रही है। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद देवेन्द्र बनवासी ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित इंजीनियर के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।



# कठौतिया में बैंक सर्वर ठप, खाताधारक परेशान

▸ सर्वर चालू होने का इंतजार करते-करते हो जाती है शाम

**शहपुरा नवभारत 28 अप्रैल।** विकासखंड मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम कठौतिया स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में पिछले लगभग दो महीनों से सर्वर बंद होने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, दूर-दराज गांवों से आने वाले खाताधारक सुबह से बैंक पहुंचते हैं, लेकिन दिनभर 'सर्वर आने' का इंतजार करते-करते शाम हो जाती है और उन्हें बिना काम हुए ही वापस लौटना पड़ता है। ग्राहकों का कहना है कि उन्हें पैसे निकालने, नया खाता खुलवाने और केवाईसी जैसे जरूरी कार्यों के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। भीषण गर्मी में घंटों इंतजार करना उनकी परेशानी को और बढ़ा रहा है।

**बैंक प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल**-स्थानीय लोगों का आरोप है कि बैंक प्रबंधन इस समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है, जिससे आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से शुरू हो सकें और लोगों को राहत मिल सके। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत करने और आंदोलन करने की भी चेतावनी दी जा रही है।

# डिंडोरी ने प्रदेश के टॉप-5 जिलों में बनाई जगह

▸ विद्यार्थी आधार अपडेशन में मिली उल्लेखनीय सफलता

**डिंडौरी, नवभारत 28 अप्रैल।** विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट हेतु संचालित विशेष अभियान 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' के तहत डिंडौरी जिले ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

अभियान के तीसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिंडौरी जिला मध्यप्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल हो गया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (आईडीएआई), मध्यप्रदेश के निदेशक सुमित मिश्रा ने कलेक्टर अंजू भदौरिया को प्रशंसा पत्र भेजकर इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। जानकारी के अनुसार 1 से 25 अप्रैल तक चले अभियान के तीसरे चरण में जिले ने 8.7 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की, जिससे उसे प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थान मिला।

### टीम वर्क की हुई सराहना

निदेशक मिश्रा ने अपने संदेश में जिला शिक्षा विभाग एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी के समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के प्रभावी नेतृत्व और टीम की मेहनत से विद्यार्थियों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन सुचारू रूप से पूरा हो सका।

### अगले चरण की तैयारी शुरू

प्रशंसा पत्र में बताया गया है कि स्कूलों के पुन: खुलने पर 1 जुलाई 2026 से अभियान का अगला चरण प्रारंभ होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि डिंडोरी जिला आगे भी अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली जारी रखते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# उचित मूल्य दुकान संचालक पर अभद्र व्यवहार का आरोप

▸ जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने रखीं विभिन्न समस्याएं, 43 आवेदन प्राप्त

**डिंडौरी।** मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए।

आयोजित जनसुनवाई में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें आवास योजना, नल-जल योजना, रोजगार, उचित मूल्य दुकान, नाली सफाई, पेयजल संकट सहित अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आई। ग्राम कंचनपुर निवासी बजराहिन बाई ने प्रधानमंत्री जनमन आवास की राशि न मिलने की शिकायत करते हुए राशि दिलाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।




**पाइपलाइन विस्तार की मांग**-ग्राम खरगहना निवासी गणेश प्रसाद राठौर ने नल-जल योजना की पाइपलाइन उनके घर तक नहीं पहुंचने से पेयजल संकट होने की बात कही और पाइपलाइन विस्तार कराने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारी को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कुछ ग्रामीणों ने रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन देकर कार्य दिलाने की मांग रखी।

**मुख्य नाली की सफाई करने की मांग**-ग्राम धनुवासागर के ग्रामीणों ने उचित मूल्य दुकान संचालक पर अभद्र व्यवहार, समय पर राशन वितरण नहीं करने तथा अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए संचालक को हटाने की मांग की। वार्ड क्रमांक 13 अमरकंटक रोड निवासी नागरिकों ने मुख्य नाली की वर्षों से सफाई नहीं होने से जल निकासी बाधित होने और बीमारी फैलने की आशंका जताते हुए सफाई कराने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने नगर परिषद के अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता शिनोद कुमार पिता भोला उम्र 35 वर्ष जाति बैगा निवासी ग्राम भैसलगान पो. देवरी थाना, तह. व जिला डिण्डौरी (म.प्र.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :- यह कि शपथकर्ता उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मै शपथकर्ता सच-सच कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री का वास्तविक नाम प्रतीक्षा (PRATIKSHA) है। जो कि मुझ शपथकर्ता के पुत्री के जन्मप्रमाण एवं अंकसूची व अन्य दस्तावेजो मे अंकित है। जो कि सही है। यह कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड मे पुत्री का नाम पटेक्षा धुर्वे (PATEKCHA DHURWE) त्रुटिवश अंकित कर दिया गया है। जो कि गलत है। यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्री के आधार कार्ड मे दर्ज नाम पटेक्षा धुर्वे (PATEKCHA DHURWE) के स्थान पर सही नाम प्रतीक्षा (PRATIKSHA) दर्ज करना चाहता हूँ। जिस वास्ते स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ। यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

# किसान को नहीं मिल रहा सम्मान निधि का लाभ, वर्षों से दर-दर भटक रहा आवेदक



**शहपुरा नवभारत 28 अप्रैल।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के दावे जमीनी स्तर पर खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत बिजौरी माल का है, जहां एक किसान पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। ग्राम बिजौरी माल निवासी किसान गंगाराम झारिया को पहले दोनों योजनाओं का लाभ मिल रहा था, लेकिन अचानक उसकी किस्तें बंद हो गईं।

**हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई**-इसके बाद किसान ने कई बार तहसील कार्यालय और पटवारी के पास लिखित व मौखिक आवेदन प्रस्तुत किए, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इतना ही नहीं, किसान ने अपनी समस्या को लेकर शासन की शिकायत हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद उसे आश्वासन दिया गया कि जल्द ही योजना का लाभ पुन: शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**किसान सहायता राशि पर निर्भर था**-किसान का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह इस सहायता राशि पर निर्भर था, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिलने से उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उसने प्रशासन से मांग की है कि उसकी पात्रता की जांच कर जल्द से जल्द योजनाओं की रुकी हुई किश्तें चालू कराई जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों का समय पर निराकरण नहीं किया गया तो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर से आम जनता का विश्वास उठ सकता है।

## कार्यालय नगर परिषद नौरोजाबाद, जिला- उमरिया म.प्र.

Email Id-cmonorojabad@mpurban.gov.in

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_502731_1 23/04/2026 | Supply and Installation of Trommel Machine under Nagar Parishad Nowrozabad | 2026-27 9,90,000.00 | 10,000.00 2000.00 | 09-May-2026 05:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा। निविदा से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया (म.प्र.)